## बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक M/S Shyama Construction Works, Prop Raman Kumar Roy,Address- Ward No 04 Bishaul, Sukhet Madhubani (निबंधन संख्याः–2210046 श्रेणी–द्वितीय) को विभागीय आदेश ज्ञापांक 7072 दिनांक 13.12.2023 द्वारा 15 (पन्द्रह) वर्षो के लिए किये गये कालीकृत (Blacklisted) के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन (दिनांक 26.12.2023) के सापेक्ष सुनवाई के सम्बन्ध में:–

---

13/02/2024

## आदेश

संवेदक M/S Shyama Construction Works, Prop Raman Kumar Roy,Address- Ward No 04 Bishaul, Sukhet Madhubani एवं सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमंडल, झंझारपुर उपस्थित।

प्रस्तुत मामला का संक्षिप्त इतिहास यह है कि कार्य प्रमंडल, झंझारपुर अधीन एम0एम0जी0एस0वाई योजनान्तर्गत 503 आर0डब्लू0डी0 रोड बेरमा हनुमान मंदिर से धोधही केवट टोला पथ के संदर्भ में विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार; पटना के पत्रांक 1635 अनु0 दिनांक 26.07.2023 द्वारा मुख्य अभियंता–03 ग्रामीण कार्य विभाग, पटना के पत्रांक 454 अनु0 दिनांक 18.01.2023 एवं अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, दरभंगा के पत्रांक 142 दिनांक 17.01.2023 से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन के अनुसार प्रतिवेदित किया गया है कि पथ का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है एवं वर्त्तमान में पथ प्रथम वर्ष के अनुरक्षण अवधि के अन्तर्गत है। पथ के चैनेज 200 मीटर पर जॉच में Premix Carpet की मुटाई 22mm, Metal Grade-III की मुटाई 75mm एवं GSB की मुटाई 200mm पायी गयी। तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार GSB Grading-I से किया जाना था, लेकिन कार्य स्थल पर Grading-II से किया हुआ पाया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, क्षेत्रीय प्रयोगशाला, दरभंगा के पत्रांक 22 अनु0 दिनांक 13.01.2023 से प्राप्त गुणवत्ता जॉच प्रतिवेदन में GSB एवं Stone Metal Grade-III कार्य असंतोषप्रद पाया गया। उक्त के आलोक में पथ का निर्माण कार्य स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार गुणवत्ता एवं विशिष्ट के अनुरूप नहीं किये जाने के कारण संवेदक M/S Shyama Construction Works, Prop Raman Kumar Roy,Address- Ward No 04 Bishaul, Sukhet Madhubani के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु अनुशंसा की गयी।

उक्त प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 4538 अनु0 दिनांक 14.08.2023 द्वारा 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने हेतु संवेदक को निदेशित किया गया, परन्तु संवेदक द्वारा अपना स्पष्टीकरण विभाग को समर्पित नहीं किया गया। तद्आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त संवेदक M/S Shyama Construction Works, Prop Raman Kumar Roy को बिहार सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 के कंडिका–11 (क) उप कंडिका–VI में निहित प्रावधानों एवं बिहार सरकार पथ निर्माण विभाग के कार्यालय आदेश संख्या–154 दिनांक 18.06.2015 के कंडिका–8 के उप कंडिका–1 (b) (किये गये कार्य की गुणवत्ता अंसतोषजनक रहने) में निहित प्रावधानों के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक आदेश ज्ञापांक 7072 दिनांक 13.12.2023 द्वारा 15 (पन्द्रह) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist). किया गया, जिसके विरूद्ध इनके द्वारा अपना अपील अभ्यावेदन दिनांक 26.12.2023 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

**संवेदिका का पक्षः–** संवेदक M/S Shyama Construction Works, Prop Raman Kumar Roy द्वारा उपस्थित होकर तथा अपने प्रतिवेदन के माध्यम से बताया गया है कि कार्य प्रमंडल, झंझारपुर अधीन एम0एम0जी0एस0वाई योजनान्तर्गत 503 आर0डब्लू0डी0 रोड बेरमा हनुमान

मंदिर से धोधही केवट टोला पथ का कार्य विभागीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार एवं उनके देख–रेख में ससमय संपादित किया गया था। दिनांक 04.01.2023 को अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा के निरीक्षण के क्रम में सड़क में GSB Grade-III और Premix Carpet की मोटाई सही पायी गई थी। उक्त कार्य को प्राक्कलन के अनुरूप ही पूर्ण किया गया है। इनके द्वारा उक्त निर्माणाधीन सड़क में एक Point पर मजदूर के मानवीय भूल के कारण मिलावट में अधीक्षण अभियंता को कुछ कमी पायी गई थी। विभागीय पदाधिकारियों द्वारा सूचना प्राप्त होते ही उनके निर्देशानुसार उक्त जगह पर सड़क को तोड़कर प्राक्कलन के अनुरूप कार्य सही कर दिया गया था। साक्ष्य स्वरूप स्थल से संबंधित फोटोग्राफ संलग्न कर उपलब्ध करायी गयी है।

सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमंडल, झंझारपुर द्वारा उपस्थित होकर तथा अपने प्रतिवेदन के माध्यम से बताया गया कि वर्त्तमान में उक्त पथ में पायी गई त्रुटियों का निराकरण पूर्ण रूप से नहीं किया गया है। जिसके प्रतिउत्तर में संवेदक श्यामा कन्स0 वर्क्स , प्रो0–रमन कुमार रॉय द्वारा बताया गया कि उक्त पथ में पायी त्रुटियों को दो सप्ताह के अन्दर पूर्ण कर दिया जायेगा।

अतएव वर्णित परिप्रेक्ष्य में सम्यक विचारोपरान्त विभागीय आदेश ज्ञापांक 7072 दिनांक 13.12.2023 द्वारा 15 (पन्द्रह) वर्षो के लिए निर्गत कालीकृत (Blacklisted) आदेश को निरस्त करते हुए संवेदक M/S Shyama Construction Works, Prop Raman Kumar Roy,Address- Ward No 04 Bishaul, Sukhet Madhubani (निबंधन संख्या:–2210046 श्रेणी–द्वितीय) को प्रश्नगत पथ में पायी गयी त्रुटियों का निराकरण दिनांक 29.02.2024 तक पूर्ण किये जाने का निदेश दिया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

**बिहार सरकार,**
**ग्रामीण कार्य विभाग,**
**बिहार, पटना।**

निबंधित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–01–01 / 2024 1026 / पटना, दिनांक– 22/2/24

प्रतिलिपि– संवेदक M/S Shyama Construction Works, Prop Raman Kumar Roy,Address- Ward No 04 Bishaul, Sukhet Madhubani पिन कोड–847404 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/2/2024
(इफ्तेखार अहमद)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–01–01/2024 1026 /पटना, दिनांक–22/2/24

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/2/2024
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–01–01/2024 1026 /पटना, दिनांक– 22/2/24

प्रतिलिपि– अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, ब्राडा/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/2/2024
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–01–01/2024 1026 /पटना, दिनांक–22/2/24

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

21/2/2024
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–114/2023 1026 /पटना, दिनांक–22/2/24

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/2/2024
सरकार के उप सचिव